Title : Need to set up a Doordarshan Transmission centre in Bina, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर, मध्य प्रदेश का बीना नगर एक महत्वपूर्ण रेल्वे जंक्शन है। यह अनाज की प्रमुख मंडी है तथा कृषि यंत्रों का निर्माण भी यहां होता है और निर्यात केंद्र भी है, किंतु यहां दूरदर्शन का केंद्र नहीं है। लम्बे समय से यहां की जनता के द्वारा एक दूरदर्शन केंद्र स्थापित करने की मांग कर रही है। यहां के नागरिकों को केवल संचालकों की मर्जी पर निर्भर रहना पड़ता है और कई सालों से इस संबंध में मांग की जा रही है। बीना के एक तरफ खुरई है। खुरई में भी दूरदर्शन केंद्र है। गंजबासुदा में भी दूरदर्शन केंद्र है। लेकिन आश्चर्य है कि एक तरफ हम विकास की बातें कर रहे हैं लेकिन आज भी ऐसे स्थान हैं, जहां दूरदर्शन केंद्र नहीं होने के कारण वहां के नागरिकों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः मैं केंद्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि बीना नगर के नागरिकों की कठिनाइयों को अनुभव करते हुए एक दूरदर्शन केंद्र प्रारंभ कराने में सहयोग करें।